उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा
# की कार्यसूची

## मंगलवार, 04 अग्रहायण, शक संवत्, 1936
## ( दिनांक : 25 नवम्बर, 2014 )
## समय : 11 : 00 बजे पूर्वाह्न

1. प्रश्न (देखिए नत्थी **"क"**)।

2. निधन के निदेश।

3. सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों।

4. श्री महावीर सिंह रांगड, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद टिहरी गढ़वाल के ग्राम पंचायत क्यारी नगुण में हाईस्कूल के उच्चीकरण कराये जाने के सम्बन्ध में'' श्री मनवीर सिंह पंवार, निवासी ग्राम महेड़ा पो0 कटखेत थौलधार, जनपद टिहरी गढ़वाल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

5. श्री महावीर सिंह रांगड, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद टिहरी गढ़वाल के विकास खण्ड थौलधार के ग्राम पंचायत घियाकोटी में जूनियर हाईस्कूल खुलाये जाने के सम्बन्ध में" श्री पुलम दास, निवासी ग्राम घियाकोटी, पो0 कान्सी थौलधार, जनपद टिहरी गढ़वाल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

6. श्री पुष्कर सिंह धामी, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद ऊधमसिंह नगर के विकास खण्ड खटीमा के ग्राम पंचायत श्रीपुर बिचवा वन चौकी जंगल किनारे से बंजारी फार्मा तक 1600 मीटर तक मार्ग निर्माण करवाने के सम्बन्ध में" श्री सुनील दत्त भट्ट, निवासी ग्राम सभा बिचवा, विकास खण्ड खटीमा, पो0 चकरपुर, जनपद ऊधमसिंह नगर एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

7. श्री पुष्कर सिंह धामी, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद ऊधमसिंह नगर के ग्राम सिसैया बन्धा श्री जसवन्त सिंह के पीपल से बड़े बन्धें तक आर0सी0सी0 रोड व 8 ह्यूम पाइप पुलिया के निर्माण करवाने के सम्बन्ध में" श्री कुसुम देवी, निवासी ग्राम सिसैया अमाऊ, खटीमा पो0 खालीमहुवट, जनपद ऊधमसिंह नगर एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

8.श्री पुष्कर सिंह धामी, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद ऊधमसिंह नगर के ग्राम पंचायत श्रीपुर बिचवा के चकरपुर मैदान में क्रीडास्थल के निर्माण हेतु वन विभाग से स्वीकृति करवाने एवं क्रीडास्थल का निर्माण के सम्बन्ध में'' श्री सन्तोष चन्द, निवासी ग्राम सभा श्रीपुर बिचवा, पो0 चकरपुर, विकास खण्ड खटीमा, जनपद ऊधमसिंह नगर एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

9.श्री पुष्कर सिंह धामी, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद ऊधमसिंह नगर के विकास खण्ड खटीमा के बिरिया चौराहे से दियां तक 3 कि0मी0 500 मीटर मार्ग निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में'' श्री नवीन सिंह कन्याल, निवासी ग्राम सभा गांगी, पो0 बिरिया मझोला, विकास खण्ड खटीमा, जनपद ऊधमसिंह नगर एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

10. विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।

11. नियम 315 के खण्ड (13) व (14) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

12. मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों।

13. मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड हरित ऊर्जा उपकर विधेयक, 2014 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

14. मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड हरित ऊर्जा उपकर विधेयक, 2014 को पुरःस्थापित करेंगे।

15. मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड रज्जुमार्ग विधेयक, 2014 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

16. मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड रज्जुमार्ग विधेयक, 2014 को पुरःस्थापित करेंगे।

17. उत्तराखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली, 2005 के नियम–315 के खण्ड (22) के अन्तर्गत मा0 अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

(कार्य मंत्रणा समिति की सिफारिशों के लिए देखिए नत्थी–**''ख'**)

18. कार्यस्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।

19. मुख्यमंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड लोकायुक्त (संशोधन) विधेयक, 2014 पर विचार किया जाय। **(15 मिनट)**

20. मुख्यमंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड लोकायुक्त (संशोधन) विधेयक, 2014 पारित किया जाय।

---

**(समय : अपराह्न 4:00 बजे)**।

21. वित्त मंत्री, वित्तीय वर्ष 2014–15 की द्वितीय अनुपूरक अनुदान मांगें प्रस्तुत करेंगे।

22. पेयजल विभाग द्वारा वर्ष 2007 से वर्तमान तक जिन 9078 लोगों को ठेकेदारी के आधार पर विभाग में विभिन्न कार्यों हेतु रखा गया है उनके मुख्य नियोक्ता की जानकारी विषयक दिनांक 13 फरवरी, 2014 को पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या–12 के संबंध में श्री सुरेन्द्र सिंह जीना, सदस्य, विधान सभा द्वारा दी गई सूचना पर, नियम–51 के अन्तर्गत आधे घण्टे की चर्चा।

**23.** नियम– 105 के अन्तर्गत श्री बंशीधर भगत, सदस्य, विधान सभा द्वारा निम्नलिखित प्रस्ताव का प्रस्तुतीकरण एवं चर्चा।

> ''इस सदन का सुनिश्चित मत है कि ''उत्तराखण्ड राज्य में ब्लॉक प्रमुख के चुनाव सीधे जनता के माध्यम से कराए जाएं।'' **(30 मिनट)**

**24.** नियम– 105 के अन्तर्गत श्री हरबंस कपूर, सदस्य, विधान सभा द्वारा निम्नलिखित प्रस्ताव का प्रस्तुतीकरण एवं चर्चा।

> ''प्रदेश के स्थानीय नगर निकाय के सदस्यों को ग्राम पंचायत सदस्यों की भांति अपने कार्य के प्रभावी, कुशल तथा यथोपेक्षित निष्पादन के लिये मानदेय, यात्रा भत्ता, संचार भत्ता, सचिवीय भत्ता आदि सुविधायें प्रदान करने हेतु सम्बन्धित अधिनियमों में यथा आवश्यक संशोधन हेतु कार्यवाही की जाय।'' **(30 मिनट)**

**25.** नियम– 105 के अन्तर्गत श्री हरिदास, सदस्य विधान सभा द्वारा दिनांक 14 दिसम्बर, 2012 को प्रस्तुत प्रस्ताव पर चर्चा जारीः–

> ''उत्तराखण्ड सरकार द्वारा राज्य में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लोगों को संविधान में प्रदत्त व्यवस्था के अन्तर्गत बैकलाग के पदों पर भर्ती प्रक्रिया आरम्भ करने हेतु तत्काल अधिनियम बनाकर पारित किया जाय।'' **(30 मिनट)**

**26.** नियम– 105 के अन्तर्गत श्री सुरेन्द्र सिंह जीना, सदस्य विधान सभा द्वारा दिनांक 07 दिसम्बर, 2012 को प्रस्तुत प्रस्ताव पर चर्चा जारी :– **(30 मिनट)**

> ''यह माननीय सदन केन्द्र सरकार से संस्तुति करता है कि उत्तराखण्ड राज्य को ग्रीन बोनस दिया जाय।''

**27.** श्री नवप्रभात, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 20 सितम्बर, 2013 को नियम–54 के अन्तर्गत प्रस्तुत निम्नलिखित सूचना पर चर्चा जारी :–

> ''दिनांक 22.03.2013 से राज्य में उत्तराखण्ड नैदानिक स्थापन (रजिस्ट्रीकरण और विनियमन) नियमावली वर्ष 2013 लागू हो गयी है।
>
> उत्तराखण्ड राज्य में चिकित्सा सुविधाओं की स्थिति अभी भी बहुत संतोषजनक नही है विशेषकर सदूर पर्वतीय क्षेत्रों में तो चिकित्सा सुविधा का लगभग अभाव हैं।
>
> राज्य सरकार को चिकित्सा सुविधा विशेषकर सुपर स्पेशिलिटी के क्षेत्र में बहुत अधिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।
>
> हमारे राज्य के निवासियों को सस्ती दरों पर चिकित्सा सुविधा की आवश्यकता है, परन्तु इस नियमावली के प्रावधानों से चिकित्सा सुविधा का खर्च बहुत अधिक बढ़ता हुआ प्रतीत होता है।
>
> इस स्थिति में राज्य में निजी क्षेत्र में चिकित्सा सुविधा का विकास जनहित में आवश्यक है। निजी क्षेत्र की भागीदारी इस नियमावली पर ही आधारित होगी।
>
> यह नियमावली केन्द्र सरकार के अधिनियम 2010 पर आधारित हैं। उत्तराखण्ड के विशेष भौगोलिक तथा अवस्थापना स्थितियों के अनुरूप इसे संशोधित तथा परिवर्तित नही किया गया है।
>
> इण्डियन मेडिकल ऐशोसियेशन **न्ण्|ण्`जंजम ठतंदबी** ने इस नियमावली पर अपने सुझाव शासन के समक्ष प्रस्तुत किये है, परन्तु अभी तक समस्या के निदान के लिये कार्यवाही नही हो सकी है।'' **(30 मिनट)**

**28.** श्री हरीश धामी, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 14 दिसम्बर, 2012 को नियम–54 के अन्तर्गत प्रस्तुत निम्नलिखित सूचना पर चर्चा जारी :– **(30 मिनट)**

> ''विधान सभा क्षेत्र धारचूला के अन्तर्गत कम ऊँचाई के क्षेत्र में मृग विहार बनने से ठप्प हो रहे विकास कार्य के दृष्टिगत मृग विहार बनाने के निर्णय पर पुर्नविचार किया जाय।''

**29.** श्री नवप्रभात, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 20 सितम्बर, 2013 को नियम–54 के अन्तर्गत प्रस्तुत निम्नलिखित सूचना पर चर्चा जारी :–

> ''जनपद देहरादून के पछवादून क्षेत्र की नदियों में चुगान का कार्य जो गढ़वाल मण्डल विकास निगम तथा वन विकास निगम द्वारा किया जा रहा था, के तीन वर्षो से पूर्णतया बन्द होने के कारण निर्माण सामग्री की लागत बढ़ जाने, सरकारी निर्माण कार्य बाधित होने तथा राजस्व की हानि होने के संबंध में।'' **(30 मिनट)**

**30.** श्री मदन कौशिक, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 14 दिसम्बर, 2012 को नियम–54 के अन्तर्गत प्रस्तुत निम्नलिखित सूचना पर चर्चा जारी :–

> ''प्रदेश में ऊर्जा की कमी को देखते हुए राज्य में ऊर्जा आधारित विकास की सम्भावनाओं पर विचार हेतु एक समिति बनायी जाय जो सरकार को एक निश्चित समय में अपनी रिर्पोट प्रस्तुत करेगी।'' **(30 मिनट)**

**31.** डा0 शैलेन्द्र मोहन सिंघल सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 20 फरवरी, 2014 को नियम–54 के अन्तर्गत प्रस्तुत निम्नलिखित सूचना पर चर्चा जारीः–

> ''उत्तराखण्ड राज्य में उपलब्ध भूमि की सीमित सीमा को देखते हुये कृषि भूमि का अनियंत्रित आवासीय प्रयोग रोकने हेतु प्रदेश में आवासीय सुविधाओं के विकास के लिए एक समग्र नीति निर्धारित करने तथा उत्तराखण्ड में भूकम्प की दृष्टि से बहुमंजिला भवन निर्माण की नीति निर्धारण करने सम्बन्धीं।'' **(30 मिनट)**

**32.** श्री हरीश धामी, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 20 फरवरी, 2014 को नियम–54 के अन्तर्गत प्रस्तुत निम्नलिखित सूचना पर चर्चा जारीः–

> ''उत्तराखण्ड राज्य के गठन के समय राज्य में 95 विकास खण्ड ईकाई गठित थी। आज भी इनकी संख्या 95 ही है।
>
> राज्य गठन के पश्चात् ग्राम सभाओं का लगातार पुनर्गठन किया गया है तथा ग्राम सभाओं की संख्या में काफी बढ़ोत्तरी हुई है। राज्य गठन के पश्चात् नवीन तहसील स्थापित करने का कार्य भी हुआ है। नये राज्य में विधान सभा क्षेत्र भी बढ़ कर 70 हो गये हैं।
>
> इन परिवर्तनों के कारण एक विकास खण्ड एक से अधिक विधान सभा क्षेत्रों में विभाजित हो गया है, जिससे नियोजन एवं विकास के कार्यों में भ्रान्तियां उत्पन्न हो रही हैं। एक विकास खण्ड के एक से अधिक तहसीलों में विभाजित होने के कारण प्रशासनिक दृष्टि से भी भ्रान्तियां उत्पन्न हो रही हैं। विकास की मूलभूत ईकाई विकास खण्ड के पुनर्गठन का कार्य न होने के कारण छोटे राज्य के निर्माण के मूल लक्ष्य, विकास से सुदूर क्षेत्र का नजदीकी सम्बन्ध की अवधारणा पूरी नहीं हो पा रही है।

पुनर्गठन का प्रस्ताव योजना आयोग या वित्त आयोग या केन्द्र सरकार के समक्ष प्रस्तुत करने सम्बन्धी।'' **(30 मिनट)**

33. नियम 53 के अन्तर्गत सूचनाएं, यदि कोई हों।

34. जनपद उत्तरकाशी स्थित नौगांव, पुरोला में सब्जी एवं फल मण्डी की स्थापना के संबंध में श्री मालचन्द, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 24 नवम्बर, 2014 को दी गई सूचना पर, कृषि मंत्री का नियम-53 के अन्तर्गत वक्तव्य।

35. उत्तराखण्ड पराचिकित्सा परिषद् गठित होने पर भी राज्य में पैरामेडिकल कोर्स बी0आर0डी0/आई0टी0बी0पी0टी0 एवं बी0ओ0टी0 के स्नातको का रजिस्ट्रेशन न हो पाने के संबंध में श्री पुष्कर सिंह धामी, सदस्य विधान सभा द्वारा दिनांक 24 नवम्बर, 2014 को दी गई सूचना पर, चिकित्सा शिक्षा मंत्री का नियम-53 के अन्तर्गत केवल वक्तव्य।

आज्ञा से,

(जगदीश चन्द्र)
सचिव।

**देहरादून :**
**दिनांक : 24 नवम्बर, 2014**

उत्तराखण्ड विधान सभा



# उत्तराखण्ड विधान सभा

# की कार्यसूची

## मंगलवार, 04 अग्रहायण, शक संवत्, 1936

## ( दिनांक : 25 नवम्बर, 2014 )

# नत्थी ''क''

## तारांकित प्रश्न

श्रीमती विजय बड़थ्वाल
04.08.2014

'1. क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चैलूसैण पौड़ी गढ़वाल का भवन निर्माणाधीन है तथा भवनों के निर्माण कार्य कब तक पूर्ण हो जायेगा ? इस स्वास्थ्य केन्द्र में डाक्टरों की नियुक्ति कब तक कर दी जायेगी ? क्या सरकार विकास खण्ड द्वारीखाल के लिए 108 एम्बूलैंस सेवा चैलूसैण से संचालित करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

**स्वास्थ्य**

श्रीमती अमृता रावत
11.08.2014

'2. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र रामनगर के स्थान रामनगर में बस टर्मिनल के निर्माण के संबंध में मेरे पत्रांक 574/मंत्री/7–परिवहन/2013–14 दिनांक 06 फरवरी, 2014 पर मुख्यमंत्री जी द्वारा काल फार प्रपोजल फार माय आर्डर की टिप्पणी की गयी है ? यदि हां, तो मा0 मुख्यमंत्री जी के उक्त टिप्पणी में दिए गए निर्देशों के अनुपालन हेतु की गयी कार्यवाही और अब तक हुई प्रगति की अद्यतन स्थिति क्या है तथा रामनगर में कब तक प्रस्तावित बस टार्मिनल का निर्माण किया जायेगा ? क्या यह भी सत्य है कि रामनगर में बस टर्मिनल के निर्माण हेतु कई बार शिलान्यास भी किया गया है ? यदि हां तो शिलान्यास किये जाने के बावजूद भी अभी तक बस टर्मिनल का निर्माण न करवाये जाने का कारण क्या है तथा कब तक रामनगर में प्रस्तावित बस टर्मिनल का निर्माण किया जायेगा ?

**परिवहन**

श्री मदन कौशिक
11.08.2014

'3. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में जनपद वार कुल कितने बाल अपराधी बालसुधार गृह में रह रहे हैं ? क्या सरकार ने इनके पुनर्वास हेतु कोई योजना बनाई है ? यदि हां, तो उसका परिणाम क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

**समाज कल्याण**

| | | |
|---|---|---|
| श्री मदन कौशिक<br>12.08.2014 | '4. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश गठन के बाद प्रदेश के किस किस समुदाय व क्षेत्रों को अन्य पिछड़े वर्ग की केन्द्रीय अनुसूची में सम्मिलित करने की कार्यवाही की गयी है तथा की गयी कार्यवाही के अभी तक क्या परिणाम रहे ? | **समाज कल्याण** |
| श्री मदन कौशिक<br>13.08.2014 | '5. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में पुरूषों/महिलाओं का प्रतिवर्ष जन्म अनुपात क्या है ? क्या कन्याओं की जन्मदर लगातार कम हो रही है ? यदि हां, तो इसे रोकने की नीति क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>14.08.2014 | '06. क्या समाज कल्याण मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश में शत प्रतिशत मानसिक विकलांग व्यक्ति के पिता को सेवा निवृत होने पर पेंशन मिलने के कारण विकलांग व्यक्ति को विकलांग पेंशन परिवार की आय मानक से अधिक होने के कारण नहीं दी जा रही है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि 100 प्रतिशत मानसिक विकलांग के बुजुर्ग पिता की मृत्यु के उपरांत पेशन स्वयं लगाने हेतु व्यवस्था है ? यदि नहीं, तो क्या सरकार ऐसे लोगों को भी विकलांग पेंशन का लाभ दे पायेगी या दिये जाने हेतु कोई योजना बनायेगी ? यदि हां, तो क्या और कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **समाज कल्याण** |
| श्री महावीर सिंह रांगड़<br>20.08.2014 | '07. **विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त।**<br>क्या वित्त मंत्री अवगत हैं कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत सकलाना पट्टी में ग्राम नावगांव, हवेली, जाड़गांव, मझगांव (सेलवाणी), सेमवालगांव, मरोड़ा लामकाण्डे हटवालगांव, मठियाणगांव, कुण्ड, सेरा, रगड़गांव, तौलियाकाटल और कुमाण्डा तक के काश्तकारों की नगदी फसल अदरक की अच्छी पैदावार के लिए किसानों द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड से हाई ब्रीड बीज लोन के माध्यम से खरीदा गया था जो कि 16 अगसत 2014 की आई भीषण आपदा से इस क्षेत्र का सम्पूर्ण अदरक बह गया या तो मलबे में दब गया है जिस कारण किसान भुखमरी की कगार पर आ गये हैं ? यदि हां, तो क्या सरकार किसान क्रेडिट कार्ड पर लिये गये लोन को माफ करने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **वित्त** |
| श्रीमती अमृता रावत<br>28.08.2014 | '08. **आक्षेपात्मक एवं अनुमान के आधार पर निरस्त।**<br>क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि उत्तराखण्ड राज्य में स्थापित/संचालित राजकीय एलोपैथिक चिकित्सालयों में चिकित्सकों/फार्मासिस्टों एवं अन्य कार्मिकों के रिक्त पदो के कारण क्षेत्रीय जनमानस को समुचित चिकित्सा सुविधायें नहीं मिल पा रही है जिसके कारण उन्हे छोटी सी बीमारी के उपचार हेतु दिल्ली–देहरादून, चण्डीगढ़ आदि बड़े शहरों की ओर रूख करने के लिए बाध्य होना पड़ता है और समाज के निर्धन, निर्बल, असहाय वर्ग को बिना उपचार के ही दम तोडने के लिए विवश होना पड़ रहा है ? यदि हां, तो राज्य के सभी राजकीय चिकित्सालयों में स्वीकृत पदों पर चिकित्सकों/फार्मासिस्टों एवं अन्य कार्मिकों की नियुक्ति/तैनाती करने/करवाने हेतु राज्य सरकार द्वारा किए गए प्रयासों एवं उसके परिणामों का विवरण क्या है ? यदि नहीं, तो राज्य में चिकित्सकों/फार्मासिस्टों एवं अन्य कार्मिकों के स्वीकृत/कार्यरत एवं रिक्त पदों का जनपदवार विवरण क्या है तथा इन रिक्त पदों पर कब तक नियुक्ति की जायेगी ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री नवप्रभात | '09. क्या वित्त मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि चतुर्थ वर्गीय राज्य कर्मचारियों के | **वित्त** |

| | | |
|---|---|---|
| 26.08.2014 | वेतनमान विसंगतियों के निराकरण हेतु दिनांक 23–12–2011 को मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड की अध्यक्षता में समिति गठित की गयी थी ? यदि हां, तो इस समिति को संदर्भित बिन्दु/विषय क्या क्या थे ? क्या समिति द्वारा संदर्भित प्रकरण पर अपनी संस्तुतियां प्रस्तुत की जा चुकी हैं ? यदि हां, तो शासन द्वारा संस्तुतियों पर क्या निर्णय लिया गया है ? | |
| श्री नवप्रभात<br>27.08.2014 | '10. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में वृद्धावस्था पेंशन को दिनांक 28.12.2006 से सार्वभौमिक कर दिया गया है ? यदि हां, तो आयु सीमा के साथ मासिक आय रूपये 1000/– से कम की शर्त लगाये जाने तथा पुत्र की आयु तथा आय को इस सार्वभौमिक पेंशन की शर्त बनाने का क्या औचित्य है ? क्या सरकार मासिक आय का मानक जो 12–7–1999 को निर्धारित किया गया था के पुनर्निर्धारण पर विचार करेगी ? | **समाज कल्याण** |
| श्री नवप्रभात<br>27.08.2014 | '11. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विभाग द्वारा दिसम्बर, 2012 को जारी पेंशन (वृद्धावस्था, विधवा, विकलांग) सत्यापन आदेश के अनुपालन में सम्पूर्ण प्रदेश में सत्यापन कार्य पूर्ण हो चुका है ? यदि हां, तो पेंशन प्राप्त कर रहे लाभार्थियों के सत्यापन के परिणामों का संक्षिप्त विवरण क्या है ? क्या सरकार उन लोगों का भी सर्वेक्षण/सत्यापन करा रही है, जिन्हें ये पेंशन नहीं दी जा रही, परन्तु वे पेंशन का लाभ प्राप्त करने के पात्र हैं ? | **समाज कल्याण** |
| श्री गणेश जोशी<br>28.08.2014 | '12. क्या समाज कल्याण मंत्री अवगत हैं कि विषम भौगोलिक परिस्थितियों के कारण मसूरी विधान सभा क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों एवं पिछड़े क्षेत्रों में अधिसंख्य पात्र लोग विधवा/विकलांग/वृद्धा/परिव्यक्ता पेंशन से वंचित हैं ? यदि हां, तो क्या सरकार मसूरी विधान सभा क्षेत्र के प्रत्येक ग्राम स्तर/वार्ड स्तर पर विधवा/विकलांग/वृद्धा/परितत्यकता पेंशन शिविर लगाये जाने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **समाज कल्याण** |
| श्री गणेश जोशी<br>01.09.2014 | '13. क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि जनपद देहरादून के अन्तर्गत मसूरी शहर के संयुक्त चिकित्सालय का शिलान्यास 2010 में किया गया था ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह भी अवगत हैं कि वर्ष 2010 से अब तक संयुक्त चिकित्सालय का निर्माण पूर्ण नहीं हो पाया है जिससे क्षेत्र के लोगों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है ? यदि हां, तो क्या सरकार जनहित में स्वास्थ्य सेवाओं की प्राथमिकता को देखते हुए उक्त भवन का निर्माण छः महीने में पूर्ण करने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>04.09.2014 | '14. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि अल्मोड़ा जिले की सल्ट विधान सभा क्षेत्र में गौरा देवी कल्याधन योजना के तहत 2007–08 से वर्तमान तक जितनी कन्याओं को इस योजना के तहत भुगतान किया गया है उस किये गये भुगतान का वर्षवार विवरण देने का कष्ट करेंगे ? क्या मंत्री जी ऐसे स्वीकृत पात्रों का भी वर्षवार विवरण देगे जिनकी स्वीकृत उपरान्त भी आज समय तक उनको लाभान्वित नहीं किया गया है ? क्या सभी स्वीकृत पात्र कन्याओं को सरकार शीघ्र भुगतान करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **समाज कल्याण** |
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल | '15. क्या नियोजन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जिला योजना के परिव्यय का शत प्रतिशत बजट जनपद स्तर पर उपलब्ध कराया जा रहा है ? यदि हां, तो क्या | **नियोजन** |

| | | |
|---|---|---|
| 10.09.2014 | शासनादेश संख्या 624 दिनांक 24 मार्च, 2008 के क्रम में जिला योजना संरचना एवं अनुश्रवण एवं वित्तीय स्वीकृतियों हेतु जिम्मेदार अर्थ एवं संख्या अधिकारियों के कार्यालयों का सुदृढ़ीकरण कर दिया गया है ? क्या सरकार उक्त कार्यालयों के सुदृढ़ीकरण हेतु वित्तीय स्वीकृतियां अनुश्रवण एवं योजना संरचना को प्रभावी बनाये जाने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक कार्यवाही पूर्ण कर ली जायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | |
| श्री दलीप सिंह रावत 11.09.2014 | ’16. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में विधवा, वृद्धावस्था पेंशन धारकों को कितने समय से पेशन आवंटित की जाती है ? क्या इसके आवंटन का कोई निश्चित समय निर्धारित है ? यदि हां, तो इसकी अवधि क्या है ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे की अब तक पेंशन धारियों को नियमित रूप से पेंशन दी जा रही है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **समाज कल्याण** |
| श्री पूरण सिंह फर्त्याल 12.09.2014 | ’17. क्या स्वास्थ्य मंत्री अगवत हैं कि जनपद चम्पावत के विधान सभा क्षेत्र लोहाघाट के अन्तर्गत ग्राम खेतीखान में स्थित सार्वजनिक स्वास्थ्य केन्द्र (पी0एच0सी0) का उच्चीकरण न होने से क्षेत्रीय जनता को आधुनिक स्वास्थ्य लाभ/चिकित्सा से वंचित होना पड़ रहा है जिससे आकस्मिक एवं गंभीर बीमारी से पीड़ित व्यक्तियों को उपचार हेतु दूरस्थ जाना पड़ता है ? यदि हां, तो क्या सरकार खेतीखान क्षेत्र के अन्तर्गत सार्वजनिक स्वास्थ्य केन्द्र (पी0एच0सी0) के उच्चीकरण हेतु वित्तीय स्वीकृति प्रदान करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री चन्दन राम दास 15.09.2014 | ’18. क्या स्वास्थ्य मंत्री अगवत हैं कि जनपद बागेश्वर में स्वीकृत ट्रामा सेन्टर का भवन भी पूर्ण रूप से निर्मित है ? यदि हां, तो इस पूर्ण निर्मित भवन में ट्रामा सेन्टर कब से शुरू किया जायेगा ? यदि नहीं, तो लाखों रू0 खर्च कर के यह भवन निष्प्रयोज्य क्यों पड़ा है तथा इसके लिए कौन अधिकारी जिम्मेदार है ? क्या सरकार ट्रामा सेन्टर चलाने हेतु कोई ठोस पहल करेगी ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री चन्दन राम दास 17.09.2014 | ’19. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद बागेश्वर जिला अस्पताल में ब्लड बैंक के भवन पर लाखों रू0 खर्च होने के बाद भी ब्लड बैंक प्रारम्भ न होने का क्या कारण है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि ब्लड बैंक शुरू करने के लिए सरकार कोई ठोस कदम उठा रही है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री पुष्कर सिंह धामी 26.09.2014 | ’20. क्या गन्ना मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि किसानों के गन्ना की फसल के दृष्टिगत सितारगंज चीनी मिल के खुलने की निर्धारित समयावधि से एक माह पूर्व से खोले जाने हेतु कोई प्रयास करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो किसानों के गन्ना फसल के खपत हेतु सरकार द्वारा क्या प्रयास किये जायेंगे ? | **गन्ना** |

## स्थगित अतारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री नवप्रभात<br>15.04.2014 | 01. **द्वितीय मंगलवार के स्थगित अता0 प्रश्न सं0 01 में स्थाना0**<br>क्या उद्योग मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में गत 05 वर्षों में प्रति वर्ष ईंट का औसत मूल्य क्या रहा ? क्या पर्वतीय जनपदों एवं मैदानी जनपदों में ईंट के औसत बाजार मूल्य में अन्तर रहा है ? यदि हां, तो जनपदवार विवरण क्या है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि वर्ष 2009 में लागू 'वार्षिक समाधान योजना' ने ईंट के मूल्य पर क्या प्रभाव डाला ? यदि हां, तो प्रदेश में इन पांच वर्षों में कितनी ईंट की खपत हुई व इससे राज्य का उत्पादन कितना था तथा कितनी ईंट अन्य प्रदेशों से आयात हुई ? | **उद्योग** |

## अतारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती अमृता रावत<br>04.08.2014 | 1. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल के विकास खण्ड रामनगर के अन्तर्गत मातृ शिशु एवं परिवार कल्याण उपकेन्द्र तुमड़ियाडाम (मालधनचौड़) के नवनिर्मित भवन पर विद्युत एवं जल संयोजन करवाने के संबंध में मुख्य चिकित्साधिकारी, नैनीताल को संबोधित प्रश्नकर्ता का पत्रांक 96/मंत्री/4–स्वास्थ्य/2013–14 दिनांक 10 जनवरी, 2014 पर अब तक की गई कार्यवाही और हुई प्रगति की अद्यतन स्थिति क्या है ? | **स्वास्थ्य** |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>05.08.2014 | 2. क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के सभी अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवायें बन्द हैं ? यदि हां तो स्वास्थ्य मंत्री सभी एस0ए0डी0 सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए क्या सरकार का प्रयास स्वास्थ्य सेवाओं में गुणवत्ता लायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री महावीर सिंह रांगड़<br>07.08.2014 | 3. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत ग्राम पंचायत डॉग–क्यारी (थौलधार) में राजकीय ऐलोपैथिक स्वास्थ्य केन्द्र खोलने के लिए प्रस्ताव स्वास्थ्य महानिदेशायल के अनुसार 20.03.2008 को शासन में प्रेषित हो गया था ? यदि हां, तो उस प्रस्ताव का शासनादेश आज तक जारी न होने के क्या कारण हैं ? क्या सरकार उक्त प्रस्ताव का शासनादेश जारी करने पर विचार कर रही है ? यदि हां तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री दलीप सिंह रावत<br>07.08.2014 | 4. **पुनरार्वत्ति के आधार पर निरस्त।**<br>क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विकास खण्ड कोट के अन्तर्गत राजकीय एलोपैथिक चिकित्सालय बहेड़ाखाल में | **स्वास्थ्य** |

चिकित्साधिकारी की तैनाती करने के संबंध में प्रश्नकर्ता का पत्रांक 648/मंत्री/4–स्वास्थ्य/2013–14 दिनांक 17 फरवरी, 2014 विभाग में कब प्राप्त हुआ है तथा पत्र में अंकित चिकित्सालय में चिकित्साधिकारी की तैनाती किये जाने के संबंध में अब तक की गयी कार्यवाही और उसके परिणामों का विवरण क्या है ? क्या यह सत्य है कि उक्त संदर्भित प्रकरण के संबंध में प्रश्नकर्ता के कार्यालय के पत्रांक 869/मंत्री/4–स्वास्थ्य/2013–14 दिनांक 20 मार्च, 2014 तथा 1068/मंत्री/4–स्वास्थ्य/2014–15 दिनांक 22.04.2014 स्मरण पत्रों के बावजूद भी उक्त प्रकरण पर की गयी कार्यवाही और उसके परिणामों की जानकारी अभी तक प्रश्नकर्ता को नहीं कराई गई है ? यदि हां, तो उक्त के कारण क्या हैं और निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा करने के प्रति कौन उत्तरदायी है ?

| | | |
|---|---|---|
| श्री दलीप सिंह रावत 08.08.2014 | 5. क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के रा0म0 विद्यालय पटोटिया (नैनीडांडा) में कितने शिक्षकों के पद सृजित है ? क्या रिक्त पदों पर सरकार नियुक्ति करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **उच्च शिक्षा** |
| श्री दलीप सिंह रावत 11.08.2014 | 6. विधान सभा के तृतीय सत्र 2009 के प्रथम मंगलवार को उत्तरित अतारांकित प्रश्न संख्या 28 तथा 30 के क्रम में क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त अतारांकित प्रश्न संख्या 30 के द्वारा अवगत करया गया है कि निकट भविष्य में परिवहन निगम की छोटी बस मिले जाने तथा क्रू की भर्ती हो जाने पर डांडानागराजा–बहेड़ाखाल मार्ग पर भी बस संचालन नियमित कर दिया जायेगा ? यदि हां, तो तब से अब तक छोटी बसों में कितनी वृद्धि हुई है और प्रश्नगत मार्ग पर भी बस सेवायें संचालित न किये जाने के कारण क्या है तथा कब तक उक्त मार्ग पर नियमित बस सेवाओं का संचालन किया जायेगा ? | **परिवहन** |
| श्रीमती अमृता रावत 11.08.2014 | 7. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में निर्मित सभी मोटर मार्गों पर नियमित एवं व्यवस्थित बस संवाओं के संचालन के संबंध में प्रश्नकर्ता के पत्रांक 264/मंत्री/7–परिवहन/2013–14 दिनांक 15 जनवरी, 2014 के संदर्भ में परिवहन आयुक्त उत्तराखण्ड के पत्रांक 36/एस0टी0ए0/08/2014 दिनांक 30 जनवरी, 2014 पर की गई कार्यवाही और अब तक हुई प्रगति का विवरण क्या है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि राज्य के किन–किन जनपदों के किन–किन नवनिर्मित मोटर मार्गों पर कब तक बस सेवाओं का संचालन प्रारम्भ किया गया है तथा अवशेष मार्गों पर कब तक बस सेवाओं का संचालन किया जायेगा ? | **परिवहन** |
| श्रीमती अमृता रावत 11.08.2014 | 8. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र रामनगर में सिटी बस सेवा के संचालन के संबंध में निजी सचिव राज्य परिवहन प्राधिकरण, उत्तराखण्ड के पत्रांक 144/सी0टी0ए0/दस–27/2014 दिनांक 16 जनवरी, 2014 के द्वारा सम्भागीय परिवहन अधिकारी हल्द्वानी को निर्देशित किया गया है ? यदि हां, तो सम्भागीय परिवहन अधिकारी हल्द्वानी द्वारा सिटी बस सेवा के संचालन हेतु की गई कार्यवाही और उसके परिणामों का विवरण क्या है तथा सिटी बस सेवा का संचालन कब से किया जायेगा तथा विलम्ब के कारण क्या है व इसके प्रति कौन उत्तरदायी है ? | **परिवहन** |
| श्रीमती अमृता रावत 13.08.2014 | 9. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत सतपुली–व्यासघाट–देवप्रयाग मोटर मार्ग पर बस सेवाओं के संचालन के संबंध में सचिव, परिवहन प्राधिकरण, उत्तराखण्ड के पत्रांक 34 | **परिवहन** |

(1)एस0टी0/दस–88/2014 दिनांक 10/01/2014 के द्वारा सम्भागीय परिवहन अधिकारी पौड़ी गढ़वाल को निर्देशित किया गया है ? यदि हां, तो प्रश्नगत मोटर मार्ग पर बस सेवा के संचालन हेतु की गयी कार्यवाही और उसके परिणामों का विवरण क्या है तथा सतपुली–व्यासघाट–देवप्रयाग मोटर मार्ग पर कब तक बस सेवाओं का संचालन प्रारम्भ किया जायेगा ?

श्री महावरी सिंह रांगड़
13.08.2014

10. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत भाल की माण्डे एवं सेन्दूल में ए0एन0एम0 सेन्टर खोलने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

**स्वास्थ्य**

श्री मदन कौशिक
13.08.2014

11. क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश में संविदा में कार्यरत ऐलोपेथ/आयुर्वेद एवं यूनानी चिकित्सकों के वेतन में अन्तर है ? यदि हां तो क्या समान कार्य–समान वेतन का सिद्धांत इन पर लागू नहीं है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि समस्त चिकित्सकों को समान वेतन दिये जाने की सरकार की कोई योजना है ?

**स्वास्थ्य**

श्रीमती अमृता रावत
14.08.2014

12. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रश्नकर्ता के पत्रांक 2350/मंत्री/12–समाज कल्याण/2013–14 दिनांक 17 मई, 2013 के द्वारा जनपद नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र रामनगर में स्पेशल कम्पोनेन्ट प्लान के अन्तर्गत ग्यारह स्थानों पर पंचायत भवनों/बारातघरों का निर्माण किये जाने का अनुरोध किया गया है और जिला समाज कल्याण अधिकारी नैनीताल के पत्रांक 1482–1485/स0क0 (एस0सी0एस0टी0 अवस्थापना)/2013–14 दिनांक 30 मई, 2013 के द्वारा खण्ड विकास अधिकारी रामनगर को आगणन गठित करवाने हेतु लिखा गया है ? यदि हां, तो खण्ड विकास अधिकारी रामनगर द्वारा प्रस्तावित पंचायत भवनों/बारातघरों के आगणन गठित करवा कर कब और कहां प्रस्तुत किये गये हैं तथा प्रस्तुत इन आगणनों पर की गयी कार्यवाही और उसके परिणामों का विवरण क्या है और कब तक प्रस्तावित पंचायत भवनों/बारातघरों का निर्माण किया जायेगा ?

**समाज कल्याण**

श्री मदन कौशिक
14.08.2014

13. क्या गन्ना मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में वर्तमान गन्ना सीजन में घटतोली की कितनी शिकायत हुई तथा कितनों में कार्यवाही की गयी है ? यदि हां, तो सरकार की घटतोली रोकने हेतु क्या योजना है ?

**गन्ना**

श्री दलीप सिंह रावत
14.08.2014

14. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत देहरादून–कोटद्वार–रथुवाढाव–रिखणीखाल तक सीधी बस सेवा के संचालन के संबंध में आपके दिनांक 08.07.2013 के पत्रांक 1602/वी0आई0पी0 के द्वारा प्रबन्ध निदेशक उत्तराखण्ड परिवहन निगम को निर्देशित किए जाने की जानकारी दी गई है ? यदि हां, तो उक्त वर्णित मार्ग पर सीधी बस सेवा के संचालन हेतु उत्तराखण्ड परिवहन निगम द्वारा की गई कार्यवाही और अब तक हुई प्रगति की अद्यतन स्थिति क्या है तथा कब तक उक्त मार्ग पर सीधी बस सेवा संचालित की जायेगी ?

**परिवहन**

श्री दलीप सिंह रावत
14.08.2014

15. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि काशीपुर–रामनगर से शंकरपुर–नैनीडांडा होते हुए रिखणीखाल तक परिवहन निगम की बस सेवा संचालित किये जाने के संबंध में आपके दिनांक 24.09.2012 के पत्रांक 2245/वी0आई0पी0 के

**परिवहन**

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | द्वारा प्रबन्ध निदेशक उत्तराखण्ड परिवहन निगम को निर्देशित किए जाने की जानकारी दी गई है ? यदि हां, तो प्रबन्ध निदेशक द्वारा उक्त वर्णित मार्ग पर बस सेवा के संचालन हेतु की गई कार्यवाही और उसके परिणामों का विवरण क्या है ? | |
| श्री दलीप सिंह रावत<br>19.08.2014 | 16. | क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के लैंसडौन विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत चिकित्सालयों में वर्तमान में स्वीकृत चिकित्सकों के पदों के सापेक्ष कितने चिकित्सक नियुक्त हैं ? क्या सरकार रिक्त स्थानों में चिकित्सकों की नियुक्ति हेतु विचार करेंगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री मदन कौशिक<br>19.08.2014 | 17. | क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में पिछड़ी जाति अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लोगों के विकास की क्या क्या योजनायें हैं ? उक्त योजनओं का लाभ इस वर्ग को सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने कोई प्रभावी नीति बनाई है ? यदि हां, तो क्या ? | **समाज कल्याण** |
| श्री मदन कौशिक<br>20.08.2014 | 18. | क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में निराश्रित, अपंग बाल बालिकाओं के लिए अनाथालय की व्यवस्था है ? यदि हां, तो सरकार द्वारा निराश्रित अपंग बाल बालिकाओं को क्या क्या सुविधायें दी जा रही हैं ? | **समाज कल्याण** |
| डा0 प्रेम सिंह राणा<br>22.08.2014 | 19. | क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद ऊधमसिंहनगर के नानकमत्ता में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का उच्चीकरण करने पर सरकार कोई विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री दलीप सिंह रावत<br>22.08.2014 | 20. | क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के लैंसडौन विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत राजकीय महाविद्यालय रिखणीखाल के भवन निर्माण हेतु धन आवंटित किया गया है ? यदि हां, तो कितना ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **उच्च शिक्षा** |
| श्रीमती अमृता रावत<br>25.08.2014 | 21. | क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के मुख्यालय में स्थापित जिला चिकित्सालय में अधिकांश चिकित्सकों के पद रिक्त होने के कारण जनपद के जनमानस को समुचित चिकित्सा सुविधायें उपलब्ध नहीं हो पा रही हैं ? यदि हां, तो चिकित्सालय में रिक्त पदों पर चिकित्सकों की तैनाती किए जाने के संबंध में सरकार द्वारा क्या प्रयास किए जा रहे हैं तथा कब तक रिक्त पदों पर चिकित्सकों की तैनाती सुनिश्चित की जायेगी ? यदि नहीं, तो जिला चिकित्सालय तथा महिला चिकित्सालय पौड़ी में चिकित्सकों/विशेषज्ञों के स्वीकृत/कार्यरत एवं रिक्त पदों का विवरण क्या है तथा रिक्त पदों पर कब कब से हैं और इन रिक्त पदों पर कब तक नियुक्ति/तैनाती की जायेगी ? | **स्वास्थ्य** |
| श्रीमती अमृता रावत | 22. | क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल में स्थित राजकीय जिला चिकित्सालय में रिक्त पदों पर चिकित्सकों एवं विशेषज्ञों की | **स्वास्थ्य** |

| | | |
|---|---|---|
| 25.08.2014 | नियुक्ति/तैनाती करने/करवाने के संबंध में प्रमुख सचिव चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण उत्तराखण्ड शासन को संबोधित प्रश्नकर्ता का पत्रांक 1123/मंत्री/4–स्वास्थ्य/2013–14 दिनांक 19 मई, 2014 कब प्राप्त हुआ है तथा पत्र में वर्णित बिन्दुओं एवं वर्णित समस्याओं के निवारण हेतु की गई कार्यवाही और अब तक हुई प्रगति का विवरण क्या है तथा कब तक रिक्त पदों पर चिकित्सकों/विशेषज्ञों तथा अन्य कार्मिकों की नियुक्ति/तैनाती की जायेगी ? | |
| श्रीमती अमृता रावत 25.08.2014 | 23. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र रामनगर के स्थान रामनगर में स्थित संयुक्त चिकित्सालय में चिकित्सकों/विशेषज्ञों एवं अन्य तकनीकी कार्मिकों के स्वीकृत/कार्यरत एवं रिक्त पदों का विवरण क्या है तथा इन संयुक्त चिकित्सालय की कतिपय समस्याओं/कर्मियों के निवारण के संबंध में प्रश्नकर्ता के पत्रांक 5059/मंत्री/4–स्वास्थ्य/2013–14 दिनांक 05.12.2013 कब प्राप्त हुआ है तथा इस पत्र के साथ अग्रसारित विवरण में समस्याओं/कमियों के निवारण हेतु अब तक की गई कार्यवाही और उसके परिणामों का विवरण क्या है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि कब तक इन समस्याओं/कमियों का निवारण किया जायेगा ? | **स्वास्थ्य** |
| श्रीमती अमृता रावत 25.08.2014 | 24. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विकास खण्ड कोट के अन्तर्गत राजकीय एलोपैथिक चिकित्सालय बहेड़ाखाल में चिकित्साधिकारी की तैनाती करने/करवाने के संबंध में प्रश्नकर्ता का पत्रांक 648/मंत्री/4–स्वास्थ्य/2013–14 दिनांक 17 फरवरी, 2014 कब प्राप्त हुआ है तथा पत्र के द्वारा की गई अपेक्षा के अनुपालन हेतु की गई कार्यवाही और अब तक हुई प्रगति का विवरण क्या है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि कब तक राजकीय एलोपैथिक चिकित्सालय बहेड़ाखाल पौड़ी गढ़वाल में रिक्त पदों पर चिकित्साधिकारी की तैनाती की जायेगी ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री पुष्कर सिंह धामी 25.08.2014 | 25. क्या औद्योगिक विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उधमसिंहनगर के अन्तर्गत सीमान्त क्षेत्र खटीमा में सिडकुल की स्थापना हेतु 20 एकड़ भूमि का प्रस्ताव दे दिये जाने के बाद भी अभी तक सिडकुल की स्थापना न किये जाने के क्या कारण हैं ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि सरकार द्वारा कब तक सिडकुल की स्थापना की जायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **औद्योगिक विकास** |
| श्री पुष्कर सिंह धामी 25.08.2014 | 26. क्या उच्च शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि जनपद उधमसिंहनगर के अन्तर्गत खटीमा महाविद्यालय में भवनों के निर्माण हेतु चार करोड अस्सी लाख रूपये की स्वीकृत धनराशि के बावजूद भी अभी तक भवनों का निर्माण नहीं हो पाया है ? यदि हां, तो कब तक भवनों का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा ? यदि नहीं, तो कब तक भवनों का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा ? यदि नहीं, तो किन कारणों से भवनों के निर्माण नहीं हो पाये हैं ? | **उच्च शिक्षा** |
| श्री चन्दन राम दास 25.08.2014 | 27. क्या उद्योग मंत्री अवगत हैं कि जनपद बागेश्वर जिले के काफलीगैर (विलोरी) स्थित अल्मोड़ा मैग्नेसाइड फैक्ट्री संचालित है ? यदि हां, तो आज तक उसमें कितने मृतक आश्रित लोग हैं जिनको नियुक्ति नहीं मिली है ? सरकार कब से | **उद्योग** |

मृतक आश्रितों का उक्त प्रतिष्ठान में नौकरी दिये जाने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री महावीर सिंह रांगड़<br>25.08.2014 | 28. | **विस्तीर्णता एवं एक से अधिक विभाग होने के आधर पर निरस्त।**<br>क्या वित्त मंत्री अवगत हैं कि विगत वर्ष आयी आपदा से उत्तराखण्ड वासियों की अधिकांश नगदी एवं अन्य फसले बाढ से नष्ट हो गयी थी ? क्या मंत्री जी के संज्ञान में है कि उस खेती के लिए काश्तकारों द्वारा बैंक/समितियों से कृषि ऋण लिया गया था ? यदि हां, तो क्या सरकार ऋण माफ करने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **वित्त** |
| श्रीमती अमृता रावत<br>26.08.2014 | 29. | क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करंगे कि उत्तराखण्ड राज्य में निर्मित सभी मोटर मार्गों पर नियमित एवं व्यवस्थित बस सेवाओं के संचालन के संबंध में प्रश्नकर्ता के पत्रांक 1066/मंत्री/7–परिवहन/2012–13 दिनांक 28 फरवरी, 2013 के संदर्भ में मा0 मंत्री के पत्रांक 583/वी0आई0पी0 दिनांक 07.03.2013 के द्वारा आयुक्त परिवहन उत्तराखण्ड को निर्देशित किये जाने की जानकारी दी गयी है ? यदि हां, तो परिवहन आयुक्त उत्तराखण्ड द्वारा की गयी कार्यवाही और उसके परिणामों का विवरण क्या है तथा उत्तराखण्ड राज्य में निर्मित एवं विस्तारित किन किन मोटर मार्गों पर कब कब से नियमित एवं व्यवथित बस सेवाओं का संचालन प्रारम्भ किया गया है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि अवशेष मार्गों पर कब कब से बस सेवाओं का संचालन प्रारम्भ किये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है ? | **परिवहन** |
| श्रीमती अमृता रावत<br>26.08.2014 | 30. | क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल के रामनगर स्थित राजकीय संयुक्त चिकित्सालय में चिकित्सकों/विशेषज्ञों तथा अन्य कर्मियों की तैनाती के संबंध में प्रश्नकर्ता के पत्र मुख्यमंत्री सचिवालय का पत्रांक वी0आई0पी(एम)/2085/गगगअ–1/2014(3) दिनांक 24 फरवरी, 2014 तथा पत्रांक वी0आई0पी(एम)/3221/गगगअ–1/2014(3) दिनांक 10 मार्च, 2014 के साथ कब प्राप्त हुए हैं ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि पत्रों में वर्णित समस्याओं के निवारण एवं की गयी अपेक्षाओं के अनुपालन हेतु की गयी कार्यवाही और अब तक हुई प्रगति का विवरण क्या है और कब तक वर्णित समस्याओं का निवारण किया जायेगा ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री गणेश जोशी<br>28.08.2014 | 31. | क्या उच्च शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि वर्ष 1998 के बाद महाविद्यालयों में छात्र संख्या के निर्धारिण को लेकर कोई नीति नहीं बनाई गयी जबकी उसके बाद राज्य गठन के साथ साथ जनसंख्या में भी वृद्धि हुयी है ? यदि हां, तो क्या सरकार छात्र हित को घ्यान में रखते हुए महाविद्यालयों में सीटों के निर्धारण से संबंधित अधिनियम में बदलाव एवं नये महाविद्यालय खोलने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो क्या सरकार द्वारा मसूरी विधान सभा क्षेत्र में भी कोई महाविद्यालय खोला जायेगा ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **उच्च शिक्षा** |
| श्री पुष्कर सिंह धामी<br>28.08.2014 | 32. | क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उधमसिंहनगर के अन्तर्गत सीमान्त विधान सभा क्षेत्र खटीमा में निर्माणाधीन रोडवेज बस अड्डे के पूर्णतया निर्माण हेतु कोई समय सीमा निर्धारित की गयी है ? यदि हां, तो कब तक | **परिवहन** |

निर्माण कार्य पूर्ण हो जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री गणेश जोशी<br>28.08.2014 | 33. | क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि दिनांक 08 दिसम्बर, 2006 को तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री द्वारा मसूरी सेंट मैरी गनहिल चिकित्सालय का शिलान्यास किया गया था ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त चिकित्सालय का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है ? क्या सरकार आपातकालीन सेवायें प्रदान करने हेतु अस्पताल का निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री गणेश जोशी<br>01.09.2014 | 34. | क्या परिवहन मंत्री अवगत हैं कि जनपद देहरादून के मसूरी विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत अनारवाला–नयागांव क्षेत्र में यातायात की विभागीय व्यवस्था न होने के कारण क्षेत्रवासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह भी अवगत हैं कि अनारवाला–नयागांव–हाथीबड़कला–परेडग्राउण्ड–ई0सी0रोड–आई0एस0बी0टी0 के लिए परिवहन विभाग द्वारा टाटा मैजिक संचालित किये जाने हेतु सर्वे कराया गया था ? यदि हां, तो कब वाहनों का संचालन किया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **परिवहन** |
| श्री गणेश जोशी<br>01.09.2014 | 35. | क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि जनपद देहरादून के अन्तर्गत मसूरी के सैंट मैरी अस्पताल में डाक्टरों की कमी है ? यदि हां, तो क्या यह भी अवगत हैं कि डाक्टरों की कमी के कारण स्थानीय निवासियों एवं सैलानियों को अपना उपचार कराने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है ? यदि हां, तो क्या सरकार मसूरी स्थित सैंट मैरी अस्पताल के लिए तत्काल डाक्टरों की नियुक्ति हेतु विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री नवप्रभात<br>02.09.2014 | 36. | क्या उद्योग मंत्री बताने का कष्ट करेगे कि माह मई 2012 में जनपद हरिद्वार में कौन कौन से स्टोन क्रेशर जिला प्रशासन द्वारा बन्द किये गये ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि उक्त स्टोन क्रेशरों को बंद करने का क्या कारण है ? | **उद्योग** |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>02.09.2014 | 37. | क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि जनपद अल्मोड़ा जिले की सल्ट विधान सभा क्षेत्र में देघाट नामक स्थान पर स्वास्थ्य केन्द्र के भवन का निर्माण कार्य 2007 से प्रारम्भ होने के बाद से वर्तमान तक विभाग को हस्तान्तरित न होने से जनता को उसका लाभ नहीं मिल पा रहा है ? यदि हां तो क्या मंत्री जी उक्त भवन का हस्तांतरण कर इसे जनता हेतु प्रारम्भ करायेंगे ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री नवप्रभात<br>03.09.2014 | 38. | क्या नियोजन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि 31 मार्च, 2008 तक प्रदेश में पंजीकृत 40488 ''गैर लाभकारी संस्थाओं'' में से 11167 संस्थायें अवगत नहीं हुयी हैं ? यदि हां, तो इन 11167 संस्थाओं के विषय में सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गयी है ? | **नियोजन** |
| श्री नवप्रभात | 39. | क्या नियोजन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि केन्द्रीय सांख्यकीय कार्यालय | **नियोजन** |

| | | |
|---|---|---|
| 03.09.2014 | सी0एस0ओ0 भारत सरकार के निर्देशों के अन्तर्गत जनपद पौड़ी तथा अल्मोड़ा में सर्वेक्षण कार्य पूरा कर लिया गया है ? यदि हां, तो इस सर्वेक्षण में क्या तथ्य सामने आये हैं ? | |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>03.09.2014 | 40. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद अल्मोड़ा जिले की सल्ट विधान सभा क्षेत्र में वर्ष 2011–12, 2012–13, 2013–14 में स्वीकृत, पेंशन लाभार्थियों को दिये जाने वाली, राशि का विवरण सदन के पटल पर रखेंगे ? क्या मंत्री जी के संज्ञान में है कि प्रदेश में स्वीकृत लाभार्थियों को समय पर पेंशन नहीं मिल पा रही है ? यदि हां, तो क्या सरकार सभी को समय पर पेन्शन प्राप्त हो इस हेतु कोई योजना बनायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **समाज कल्याण** |
| श्री नवप्रभात<br>08.09.2014 | 41. **द्वितीय बुधवार के अता0 27 में स्थाना0**<br>क्या नियोजन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में निवास कर रहे परिवारों से ''गरीबी की रेखा से नीचे के परिवारों'' के चिन्हीकरण के क्या नियम हैं ? क्या प्रदेश में बी0पी0एल0 परिवारों की एक समान सूची प्रचलित है या अलग अलग विभाग (यथा शहरी विकास, पंचायती राज, ग्राम्य विकास, खाद्य, समाज कल्याण तथा स्वास्थ्य) आधारित मानकों की सूचियों के आधार पर बी0पी0एल परिवारों के लिए अपनी योजनाओं को लागू कर रहे हैं ? क्या सरकार प्रदेश में एक समेकित बी0पी0एल0 सूची गठित करने की कार्यवाही करेगी ? | **नियोजन** |
| श्री महावीर सिंह रांगड़<br>08.09.2014 | 42. क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र थत्यूड़ को पी0पी0पी0 मोड में 01 मई, 2014 को राजभरा मेडिकेयर प्रा0लि0 को हस्तान्तरित किया गया था ? यदि हां, तो आज दिन तक वहां पर चिकित्सकों एवं अन्य कर्मचारियों की कमी है ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि राजभरा सामुदाय स्वास्थ्य केन्द्र थत्यूड़ में दवाई एवं जांच उपकरण उपलब्ध हैं एवं कितने चिकित्सक एवं कर्मचारी स्वीकृत तथा कार्यरत हैं ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि स्वीकृत चिकित्सकों एवं कर्मचारियों की कमी होने पर सरकार नयी नियुक्ति पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल<br>08.09.2014 | 43. **द्वितीय बुधवार के अता0 26 में स्थाना0**<br>क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में सरकार द्वारा राजकीय पॉलिटेक्निकों अथवा मान्यता प्राप्त पॉलिटेक्निक कालेजों में एस0सी0 / एस0टी0 / ओ0बी0सी के छात्र / छात्राओं के अलावा सामान्य गरीब ग्रामीण अंचल के प्रतीभा वान छात्र / छात्राओं के लिए तकनीकी शिक्षा हेतु आर्थिक सहायता दिये जाने हेतु कोई योजना है ? यदि हां, तो कौन सी ? यदि नहीं, ता क्या सरकार गरीब सामान्य वर्ग के छात्राओं को छात्रवृत्ति दी जायेगी ? | **समाज कल्याण** |
| श्रीमती अमृता रावत<br>08.09.2014 | 44. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल के अन्तर्गत रामदत्त जोशी संयुक्त चिकित्सक रामनगर में ब्लड बैंक की सुविधा उपलब्ध करायी गयी है और इस ब्लड बैंक के व्यवस्थित संचालन हेतु चिकित्सालय के चिकित्सक | **स्वास्थ्य** |

को विगत 09 माह से प्रशिक्षण दिया जा रहा है ? यदि हां, तो क्या यह भी सत्य है कि प्रशिक्षण के दौरान उक्त चिकित्स को अन्यत्र स्थानान्तरित कर दिया गया है ? यदि हां, तो चिकित्सालय में ब्लड बैंक का संचालन किसके द्वारा किया जायेगा और नौ माह के पश्चात उक्त प्रशिक्षणरत चिकित्सक को अन्यत्र स्थानान्तरण किये जाने का कारण और औचित्य क्या है ? क्या सरकार उक्त प्रशिक्षित चिकित्सक को ब्लड बैंक के संचालन हेतु एवं जनहित में उसी स्थान पर नियुक्त करेगी ?

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती अमृता रावत<br>08.09.2014 | 45. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि देहरादून से वाया कोटद्वार–चौबट्टाखाल–पोखड़ा–बैजरो होते हुए बीरोंखाल के लिए उत्तराखण्ड परिवहन की बस सेवा संचालित करने के संबंध में प्रबन्ध निदेशक उत्तराखण्ड परिवहन निगम देहरादून को संबोधित अपर सचिव परिवहन उत्तराखण्ड शासन का पत्र संख्या 05/2014/20/प/2013 दिनांक 27 जनवरी, 2014 के अनुपालन हेतु की गयी कार्यवाही और उसके परिणामों का विवरण क्या है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि कब तक उपरोक्त मार्ग पर उत्तराखण्ड परिवहन निगम की बस सेवा का संचालन प्रारम्भ किया जायेगा ? | **परिवहन** |
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल<br>10.09.2014 | 46. क्या नियोजन मंत्री अवगत हैं कि उत्तराखण्ड अर्थ एवं संख्या राजपत्रित सेवानियमावली के अभाव में अधिकारियों की पदोन्नति के प्रकरण लम्बित हैं ? क्या सरकार उक्त संवर्ग की सेवा नियमावली प्रख्यापन पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक नियमावली का प्रख्यापन कर दिया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **नियोजन** |
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल<br>12.09.2014 | 47. क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि जनपद चम्पावत के विधान सभा क्षेत्र लोहाघाट के अन्तर्गत ग्राम रौसाल में एलोपैथिक अस्पताल न होने के कारण क्षेत्रीय जनता स्वास्थ्य उपचार की सुविधाओं से वंचित है ? यदि हां, तो क्या सरकार जनता की मांग पर ग्राम रसौल में एलोपैथी अस्पताल बनाये जाने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल<br>15.09.2014 | 48. क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि जनपद चम्पावत के विधान सभा क्षेत्र लोहाघाट के अन्तर्गत विकास खण्ड पाटी में मध्य गंगोल में जनकाण्डे में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र न होने से गरीब जनता को स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित होना पड़ रहा है ? यदि हां, तो क्या सरकार द्वारा स्वास्थ्य केन्द्र खोलने की स्वीकृति प्रदान कर दी जायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल<br>15.09.2014 | 49. क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि जनपद चम्पावत के विधान सभा क्षेत्र लोहाघाट के अन्तर्गत विकास खण्ड लोहाघाट में नेपाल सीमा से लगा सुल्ला गांव जो अति दुर्गम क्षेत्र में है स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव में ग्राम वासियों का जीवन अत्यन्त कष्टमय हो गया है ? क्या मंत्री जी यह भी अवगत हैं कि विगत लम्बे समय से ग्राम वासियों द्वारा ए0एन0एम0 सेन्टर खोले जाने की मांग की जा रही है ? यदि हां, तो कब तक ए0एन0एम0 सेन्टर की स्थापना कर दी जायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री हरभजन सिंह चीमा | 50. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार उत्तराखण्ड परिवहन निगम की बसों के किराये में प्रदेश के वरिष्ठ नागरिकों को 50 प्रतिशत एवं 75 | **परिवहन** |

| | | |
|---|---|---|
| 15.09.2014 | प्रतिशत वर्ष की आयु से उपर के वरिष्ठ नागरिकों को 75 प्रतिशत की दर से छूट देने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो क्या सरकार वर्णित विषय पर अब तक की गयी कार्यवाही का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | |
| श्री दलीप सिंह रावत 16.09.2014 | 51. क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत राजकीय महाविद्यालय पटोटिया नैनीडांडा में रोजगार परख विषय स्वीकृत किये जायेंगे ? यदि हां, तो उसका विवरण क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **उच्च शिक्षा** |
| श्री चन्दन राम दास 16.09.2014 | 52. **प्रथम शुक्रवार के अता0 26 में स्थाना0**<br>क्या उद्योग मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद बागेश्वर जिले के खरई क्षेत्र में ताम्र उद्योग को प्रोत्साहित करने के लिए 100 करोड़ की योजना स्वीकृत हुयी है ? यदि हां, तो इसे कब से प्रारम्भ किया जा रहा है ? यदि नही, तो इसे प्रारम्भ न करने का क्या कारण हे ? | **उद्योग** |
| श्री चन्दन राम दास 16.09.2014 | 53. क्या स्वास्थ्य मंत्री अगवत हैं कि जिला अस्पताल बागेश्वर में विशेषज्ञ डाक्टरों के पद रिक्त हैं ? यदि हां, तो सृजित पदों में से किन किन विशेषज्ञों के पद रिक्त हैं तथा इनकी नियुक्ति हेतु सरकार कोई ठोस कदम उठा रही है ? यदि हां, तो कब और क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री चन्दन राम दास 16.09.2014 | 54. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद बागेश्वर जिले में रोडवेज का डिपो स्वीकृत है ? यदि हां, तो इसमें आज तक कितनी धनराशि स्वीकृत हुयी है तथा कितनी धनराशि अवमुक्त हुयी है तथा रोडवेज डिपो के कार्य में विलम्ब होने के क्या कारण हैं ? क्या मंत्री जी यह भी अवगत हैं कि डिपो के निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण करने हेतु सरकार की कोई ठोस योजना है ? यदि हां, तो कया ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **परिवहन** |
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल 18.09.2014 | 55. क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि जनपद चम्पावत के विधानसभा क्षेत्र लोहाघाट के अन्तर्गत ग्राम बाराकोट स्थित सार्वजनिक स्वास्थ्य केन्द्र (पी0एच0सी0) में विगत लम्बे से चिकित्सकों के पद रिक्त हैं एवं चिकित्सा साहयकों द्वारा रोगियों का इलाज का कार्य किया जा रहा है ? यदि हां, तो क्या सरकार ग्राम बाराकोट स्थित सार्वजनिक स्वास्थ्य केन्द्र (पी0एच0सी0) में चिकित्सकों के पदों पर नियुक्ति हेतु विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल 18.09.2014 | 56. क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि जनपद चम्पावत के विधानसभा क्षेत्र लोहाघाट के अन्तर्गत ग्राम कर्णकरायत में एलोपैथिक चिकित्सालय न होने के कारण ग्रामीणों को स्वास्थ्य उपचार सुविधाओं से वंचित होना पड़ रहा है ? यदि हां, तो क्या सरकार जनता की मांगो के दृष्टिगत हॉस्पिटल खोले जाने की स्वीकृति प्रदान करेगी ? यदि हां, तो कब तक स्वीकृति प्रदान कर दी जायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री चन्दन राम दास | 57. क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद बागेश्वर जिले की विकासखण्ड गरूड़ के राजकीय महाविद्यालय गरूड़ के भवन के निर्माण हेतु भूमि | **उच्च शिक्षा** |

| | | |
|---|---|---|
| 19.09.2014 | चयन की कार्यवाही चल रही है ? यदि हां, तो महाविद्यालय स्वीकृति के 08 वर्षों बाद भी भूमि चयन की कार्यवाही में विलम्ब के लिए कौन जिम्मेदार है ? यदि भूमि के चयन का कार्य हो रहा है तो इसके लिए विभाग वर्तमान में क्या कार्यवाही कर रहा है ? | |
| श्री चन्दन राम दास<br>19.09.2014 | 58. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद बागेश्वर जिला मुख्यालय में बेस अस्पताल खोल जाने पर सरकार विचार कररही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री नवप्रभात<br>03.09.2014 | 59. द्वितीय सत्र 2014 के प्रथम मंगलवार के अतारांकित प्रश्न संख्या 18 के उत्तर के संदर्भ में क्या स्वास्थ्य मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि सिंचाई विभाग के चिकित्सालय को स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सालय को हस्तगत करने हेतु चिकित्सालय की भूमि/ भवन एवं उपकरणों का निरीक्षण किया जा चुका है ? यदि हां, तो चिकित्सालय में कार्यरत कार्मिकों के संबंध में क्या निर्णय लिया गया है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि चिकित्सालय का संचालन स्वास्थय विभाग द्वारा प्रारम्भ करना कब तक प्रस्तावित है ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री सहदेव सिंह पुण्डीर<br>26.09.2014 | 60. क्या स्वास्थय मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद देहरादून की सहसपुर विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पंचायत सहसपुर में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का उच्चीकरण कर कम से कम 30 बैड की व्यवस्था की जाने की कार्यवाही प्रस्तावित है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री पुष्कर सिंह धामी<br>26.09.2014 | 61. क्या वित्त मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद ऊधमसिंहनगर के खटीमा विकास खण्ड के अन्तर्गत सरकार गांव द्यूरी के आस–पास बैंक खुलवाये जाने का प्रयास करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो उक्त गांव के आस–पास कोई भी बैंक नहीं होने से क्षेत्रवासियों को ही रही दिक्कतों का समाधान सरकार द्वारा कैसे किया जायेगा ? | **वित्त** |
| श्री पुष्कर सिंह धामी<br>26.09.2014 | 62. क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार लोक प्रशासन विषय की महत्ता, व्यवहारिकता एवं प्रतियोगात्मक परीक्षाओं की दृष्टि से उपयोगिता को देखते हुए कुमांऊ और गढ़वाल विश्वविद्यालयों के पाठ्य–क्रम में उक्त विषय को शामिल करने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **उच्च शिक्षा** |
| श्री संजय गुप्ता<br>09.10.2014 | 63. क्या गन्ना विकास मंत्री अवगत हैं कि राज्य में चीनी मीलें न चलने के कारण किसानों को अपनी गन्ना की फसल छोटे–छोटे कोल्हू में आधे दाम पर बेचनी पड़ रही हैं जिससे किसानों को काफी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है ? यदि हां, तो क्या सरकार चीनी मील मालिकों की मीलों को शीघ्र चलाने के लिए निर्देशित करने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **गन्ना विकास** |
| श्री संजय गुप्ता<br>09.10.2014 | 64. क्या परिवहन मंत्री अवगत हैं कि जनपद हरिद्वार के क्षेत्र लक्सर के अन्तर्गत लक्सर नगर में वर्तमान तक रोडवेज बस डिपो नहीं है जबकि लक्सर नगर में तहसील रेलवे स्टेशन है व नगर का अधिकांश क्षेत्र उद्योग से जुड़ा है ? यदि हां, | **परिवहन** |

| | | |
|---|---|---|
| | तो क्या लक्सर नगर में रोडवेज बस डिपो बनाने की कोई योजना विचाराधीन है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | |
| हाजी सरवत करीम अंसारी<br>13.10.2014 | 65. **द्वितीय मंगलवार के अता0 30 में स्थाना0**<br>क्या नियोजन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि एक वर्ष में प्रधानमंत्री 15 सूत्रीय कार्यक्रम की कितनी बैठकें आहूत किये जाने का प्राविधान है तथा वर्ष 2014 में अब तक कितनी बैठकें आहूत की गयी हैं ? क्या उक्त संगठन का कार्यालय भी बनकर तैयार हो चुका है ? यदि हां, तो विवरण क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **नियोजन** |
| श्री मदन कौशिक<br>22.08.2014 | 66. क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के कितने ब्लाकों में उच्च शिक्षा हेतु कोई राजकीय डिग्री कालेज नहीं है ? यदि हां, तो क्या सरकार जनहित के दृष्टिगत प्रत्येक ब्लाक में एक राजकीय डिग्री कालेज खोलने पर विचार करेगी ? | **उच्च शिक्षा** |